**मा0 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की अध्यक्षता में दिनांक 27.07.2022 की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त**

बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित हुए:–

| | |
|---|---|
| 1– श्री आशीष पटेल,<br>मा0 अध्यक्ष महोदय<br>मा0 अध्यक्ष,,<br>प्रशासकीय परिषद राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>कन्नौज। | अध्यक्ष |
| 2– श्री सुभाष चन्द्र शर्मा,<br>प्रमुख सचिव, प्रा0शि0। | उपाध्यक्ष |
| 3– श्री अन्नावि दिनेशकुमार<br>विशेष सचिव, प्रा0शि0। | सदस्य |
| 4– अपर निदेशक,<br>कोषागार एवं प्रतिनिधि,<br>प्रमुख सचिव, वित्त विभाग। | सदस्य |
| 5– निदेशक,<br>एम0एन0आई0टी,<br>प्रयागराज। | सदस्य |
| 6– मा0 कुलपति,<br>ए0के0टी0यू0। | सदस्य |
| 7– श्री एफ0आर0 खान,<br>प्रतिनिधि, निदेशक, प्रा0शि0। | सदस्य |
| 8– प्रो0 गिरीश चन्द्रा,<br>आई0ई0टी0, लखनऊ। | सदस्य |
| 9– प्रो0 डी0सी0 दुबकारिया,<br>प्रो0, बी0आई0टी0, झांसी। | सदस्य |
| 10– डा0 बी0डी0के0 पात्रों,<br>विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस,<br>रा0इं0का0, कन्नौज। | सदस्य |
| 11– डा0 अरूण कुमार सिंह,<br>विभागध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0,<br>रा0इं0का0, कन्नौज। | सदस्य |
| 12– प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला,<br>निदेशक,<br>रा0इं0का0, कन्नौज। | सदस्य सचिव |

सर्व प्रथम सदस्य सचिव एवं निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**04:01 दिनांक 20 अप्रैल, 2021 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक दिनॉक 20-04-20 21 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नही हुई है। सूचना से अवगत होते हुये प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:02 प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 20-04-2021 को सम्पन्न तृतीय बैठक मे लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया गया।

मा0 मंत्री जी द्वारा निर्देश दिया गया कि राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज में रिक्त पदों पर की जाने वाली भर्ती में उ0प्र0 शासन द्वारा जारी आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन किया जाय। यह भी निर्देश दिया गया कि रा0इं0का0 कन्नौज की प्रशासकीय परिषद की बैठक प्रत्येक 3 माह में अवश्य की जाय।

**04:03 संस्थान मे 08 लैबों की कमी पूर्ण करने के लिये लैबों के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास विकास परिषद की आगणन धनराशि रू0 152.77 लाख के प्रस्ताव पर अनुमोदन।**

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप), नई दिल्ली द्वारा जारी विजिटिंग कमेटी की रिपोर्ट में संस्थान मे कुल 08 लैबों की कमी दर्शायी गयी है। संस्थान को अभातशिप से प्राप्त मान्यता की निरन्तरता बनाये रखने हेतु लैबों की कमी को पूर्ण करने के लिये उ0प्र0 आवास विकास परिषद से प्राप्त आगणन रू0 152.77 लाख का व्यय संस्थान की बचत से वित्त पोषण कराये जाने के प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया कि रा0इं0का0 कन्नौज में 8 लैबों का निर्माण कराने के लिए अलग-अलग संस्थाओं से एक आगणन प्राप्त कर लिया जाय। प्राप्त आगणन की तुलना कर न्युनतम दर के सापेक्ष कार्यदायी संस्था से उक्त लैबों का नियमानुसार गुणवत्तापरक निर्माण कराया जाय।

**04:04 पं0 दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0 429.32 लाख से श्रेणी–तीन के 22 एवं श्रेणी–दो के 04 आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु संशोधित प्रस्ताव पर अनुमोदन।**

पं0 दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान में श्रेणी–दो के 04 आवास व श्रेणी–तीन के 22 आवासों, शापिंग काम्पलेक्स एवं डिसपेन्सरी काम्पलेक्स के निर्माण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नामित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सूडा इकाई–1, कानपुर द्वारा प्रस्तुत आगणन के सापेक्ष धनराशि रू0 429.32 लाख की स्वीकृति जुलाई, 2019 मे प्रदान की गई थी। उक्त आवासों के निर्माण कार्य पर कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व प्रेषित मूल आगणन धनराशि रू0 429.32 लाख पर दिनांक 30 जुलाई, 2019 को सम्पन्न बी0ओ0जी0 की द्वितीय बैठक में विश्वविद्यालय से पं0 दीन दयाल गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत उक्त निर्माण कार्य के लिये वित्त पोषण कराये जाने हेतु औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया किया जा चुका है।

कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सूडा इकाई–1, कानपुर के पत्रांक सं0–480/इंजी.कालेज–सूडा इकाई–1, कानपुर/रानिनि/ 2021 दिनांक 25–05–2021 द्वारा संस्थान को सूचित किया गया है कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अन्तर्गत डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संस्थान मे श्रेणी–दो व श्रेणी–तीन के आवासों तथा शापिंग काम्पलेक्स एवं डिसपेन्सरी के निर्माण हेतु मूल प्रारम्भिक आगणन रू0 429.32 लाख मे भूतल फ्रेम्ड स्ट्रक्चर एवं अन्य दो मंजिल लोड बियरिंग पर स्वीकृत किया गया था। कार्यदायी संस्था द्वारा दिये गये संशोधित आगणन के अनुसार संस्थान परिसर में मात्र श्रेणी–दो के 04 आवास व श्रेणी–तीन के 22 आवासों के निर्माण कार्य ही पूर्ण कराया जा सकता है। शापिंग काम्पलेक्स एवं डिसपेन्सरी काम्पलेक्स के निर्माण स्वीकृत धनराशि रू0 429.32 लाख मे पूर्ण नहीं हो सकता है।

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, सूडा इकाई–1, कानपुर के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर कार्यवाही की जाये

मा0 मंत्री जी ने निर्माण कार्यों को लेकर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाय।

**04:05 संस्थान की वित्त समिति की पॉचवीं बैठक के कार्यवृत्त से परिषद को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध मे।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनांक 29–03–2022 को सम्पन्न पॉचवीं बैठक के कार्यवृत्त पर प्रशासकीय परिषद की अनुमोदन प्रदान किये जाने हेतु आगामी बैठक मे प्रस्ताव रखा जायेगा।

**04:06 मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मदों पर विचार।**

(1) संस्थान मे IEEE Student Chapter **खोले जाने पर विचार।**

संस्थान के संकाय सदस्यों के नवाचार व रिसर्च पेपर के प्रकाशन की गुणवत्तावर्धन हेतु **IEEE** मेम्बरशिप पर होने वाले वित्तीय व्यय भार का वहन शतप्रतिशत संस्थान से वहन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

22/08/22
(सुभाष चन्द्र शर्मा)
उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

(आशीष पटेल)
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

संख्या:290/ बी0ओ0जी0–04 / रा0इ0का0 / कन्नौज / 2022–23 दिनांक: 25/08/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
2. उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
3. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

5. कुलपति, डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. निदेशक, भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, कानपुर।
7. निदेशक, एम०एन०एन०आई०टी० इलाहाबाद, प्रयागराज।
8. डा० डी०सी० दुबकारिया, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी० विभाग, बी०आई०ई०टी०, झांसी
9. डा० गिरीश चन्द्र, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग, आई०ई०टी०, लखनऊ।
10. निदेशक प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर।
11. डा० बी०डी०के० पात्रो, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग, रा०इ०का०, कन्नौज।
12. डा० अरूण कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी० विभाग, रा०इ०का०, कन्नौज।

(मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजी० कालेज, कन्नौज